जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

नई दिल्ली-110067

(राजभाषा प्रकोष्ठ)

<u>हिंदी कार्यशाला की रिपोर्ट</u>

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में दिनांकः 09-12-2022 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के अनुभाग अधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला में दो सत्र रखे गए थे। प्रथम सत्र में 33 अनुभाग अधिकारियों को नामित किया गया। इनमें से 22 अधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। वहीं, दूसरे सत्र में भी 33 वरिष्ठ अधिकारियों को नामित किया गया था जिनमें से 16 अधिकारियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला का विषय '**कंप्यूटरों में कार्यालयी कामकाज हिंदी में कैसे करें**' था।

प्रथम सत्र में विषय-विशेषज्ञ के रूप में श्री आनंद कुमार सोनी, उप कुलसचिव, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली उपस्थित हुए। प्रथम सत्र का उद्घाटन श्री गगनदीप सिंह, उप कुलसचिव (प्रशासन) ने किया। उन्होंने एक हिंदी पुस्तक देकर विषय-विशेषज्ञ का स्वागत किया तथा सभी अनुभाग अधिकारियों से आग्रह किया कि हिंदी कार्यशाला के इस तकनीकी सत्र का लाभ उठाएं।

श्री आनंद कुमार सोनी जी ने अपने व्याख्यान में यूनीकोड सॉफ्टवेयर एवं विभिन्न हिंदी कुंजीपटल ले-आउट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न हिंदी ई-टूल्स के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ई-ऑफिस में नोटिंग लिखने तथा ईमेल हिंदी में लिखने का अभ्यास कराया। श्री सोनी जी ने इस बात पर बल दिया कि कंप्यूटरों में हिंदी में काम उतनी ही सहजता एवं सरलता के साथ किया जा सकता है जितना कि अंग्रेजी में। उन्होंने प्रेरणादायी विडियो के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में काम करने के प्रति उनके उत्तरदायित्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी हमारी मदद के लिए आगे आ रही है। इसकी सहायता से हम अपना दैनंदिन कामकाज आसानी से हिंदी में कर सकते हैं। उनका तकनीकी व्याख्यान काफी उपयोगी रहा। अंततः अतिथि वक्ता को स्मृति चिहन भेंट कर एवं समूह फोटो लेकर प्रथम सत्र का समापन हुआ।

दुसरे सत्र में विषय-विशेषज्ञ के रूप में डॉ. बरुण कुमार, निदेशक (रा.भा.), रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित हुए। इस सत्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलदेशिक-1 प्रो. सतीश चंद्र गड़कोटी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने स्कूल/सेंटर/ विभाग/अनुभाग में राजभाषा हिंदी का कामकाज बढ़ाएं। विश्वविद्यालय के राजभाषा अधिकारी ने एक हिंदी

पुस्तक देकर विषय-विशेषज्ञ का स्वागत किया। अतिथि वक्ता ने दूसरे सत्र में अपने व्याख्यान की शुरुआत में सूचना प्रौद्योगिकी और राजभाषा हिंदी के संबंध में इसकी पृष्ठभूमि एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूचना क्रांति इतनी व्यापक और विशाल होती जा रही है कि यह आज हमारे जीवन का अभिन्न अंग हो गई है। उन्होंने हिंदी यूनीकोड सॉफ्टवेयर, विभिन्न हिंदी की-बोर्ड ले-आउट, हिंदी ई-टूल्स एवं वॉइस टाइपिंग आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ई-ऑफिस में नोटिंग लिखने तथा ईमेल हिंदी में लिखने का अभ्यास कराया। उनका व्याख्यान सभी प्रतिभागियों के लिए निश्चित रूप से लाभप्रद रहा है। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने फीडबैक भी दिए। अंततः अतिथि वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट कर एवं समूह फोटो लेकर दूसरे सत्र का समापन हुआ।

(सुमेर सिंह)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
राजभाषा प्रकोष्ठ

प्रथम सत्र

द्वितीय सत्र

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-67

हिंदी कार्यशाला

(दिनांक: 09 दिसंबर, 2022)

(प्रथम सत्र)

विषय: कंप्यूटरों में कार्यालयी कामकाज हिंदी में कैसे करें?

<u>विषय-विशेषज्ञ:</u>

आनंद कुमार सोनी
उप कुलसचिव
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-110068

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-67

हिंदी कार्यशाला

(दिनांक: 09 दिसंबर, 2022)

(द्वितीय सत्र)

विषय: कंप्यूटरों में कार्यालयी कामकाज हिंदी में कैसे करें?

विषय-विशेषज्ञ:

डॉ. बरुण कुमार
निदेशक (राजभाषा)
रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली-110001